Foreign visits by Vice-Chancellors of Central Universities

*12. DR. MOHD. HASHIM KIDWAI: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) what is the number of visits paid by the Vice-Chancellors of Central Universities to the foreign countries during the last three years, alongwith the purpose of such visits and the names of countries visited;

(b) what is the total expenditure incurred on these visits; and

(c) how much of the expenditure was met by the Universities and how much by Government?

THE MINISTER OF HUMAN RE-SOL RCE DEVELOPMENT (SHRI P. SHIV SHANKER): (a) and (b) A statement is laid on tbe Table of the House. *[See* Appendix CXLVH, Annexure No. 1]

(c) The expenditure on most of these foreign visits of the Vice-Chancellors has been met by the organisers of the conferences, seminars, etc. and University Grants Commission grants made available to tbe Universities for this purpose.

खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए दिल्ली में स्टेडियम

*13. सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा: श्री राम जेठमलानी :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में ऐसे अनेक स्टेडियम हैं, जहां खिलाड़ियों के लिये प्रशिक्षण सुविधाएं विद्यमान हैं ;

(ख) ऐसे कितने स्टेडियम हैं, जिनमें खिलाड़ियों के नियमित प्रशिक्षण के लिये अब तक सुविधाओं की व्यवस्था नहीं की गई है;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक स्टेडियम के रख-रखाव और उनमें अन्य सुविधाओं पर खर्च की गई कुल धनराशि का वर्षवार ब्यौरा क्या है ; और

(घ) इन स्टेडियमों से मूल प्रशिक्षण प्राप्त करके विश्व स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिये विदेशों में गये नये खिलाड़ियों की संख्या कितनी है और उनका ब्यौरा क्या है और इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में उनका प्रदर्शन कैसा रहा है?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री पी० शिवशंकर): (क) से (ख) जी, हां। खेल विभाग भारत सरकार के स्वामित्व में निम्नलिखित स्टेडियमों के बारे में सूचना रखता है और भारतीय खेल प्राधिकरण (एस०ए० आर०) द्वारा इनका प्रबंध, अनुरक्षण और प्रयोग किया जाता है--

(1) जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम

(2) राष्ट्रीय स्टेडियम

(3) इंदिरा गांधी स्टेडियम

(4) यमुना वेलोड्रम

(5) तालकटोरा तरणताल

(6) तुगलकाबाद शूटिंग रेंज

(7) हौज खास लॉन टेनिस स्टेडियम (पार्ट केवल)

इन सभी स्टेडियमों में विभिन्न खेलों में बुनियादी स्तर से नियमित प्रशिक्षण की सुविधायें प्रदान की गई हैं।

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक उपर्युक्त स्टेडियमों के रख-रखाव और अन्य सुविधाओं पर कुल खर्च की गई राशि विवरण में दी गई है (नीचे देखिए)